भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +2120
सोमवार, 2 अगस्त, 2021/11 श्रावण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

'प्रसाद' योजना के अंतर्गत विकास हेतु चिह्नित किए गए स्थान

+2120. श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उन योजनाओं के नाम क्या हैं जिनके लिए केन्द्र सरकार को पिछले तीन वर्षों के दौरान झारखण्ड राज्य सरकार से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ख) झारखण्ड राज्य में 'प्रसाद' योजना के अंतर्गत विकास के लिए चिह्नित किए गए स्थलों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) 'प्रसाद' योजना के अंतर्गत प्रत्येक स्थल पर विशेषकर पारसनाथ में प्रस्तावित विकास कार्यों का ब्यौरा तथा उक्त प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन और तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) पर राष्ट्रीय मिशन योजनाओं के अंतर्गत झारखंड की राज्य सरकार को वित्तीय सहायता प्रदान की है। इसके अतिरिक्त मेलों/महोत्सवों तथा पर्यटन संबंधी समारोहों के आयोजन के लिए भी झारखंड राज्य को वित्तीय सहायता दी गई है।

पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से समय-समय पर प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। योजना दिशा निर्देशों के अनुसार इन प्रस्तावों की जांच की जाती है और निर्दिष्ट प्रावधानों की पूर्ति तथा निधियों की उपलब्धता की शर्त पर ऐसी परियोजनाओं को वित्तीय सहायता दी जाती है।

पिछले 3 वर्षों में झारखंड राज्य को प्रशाद तथा स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं तथा मेलों/महोत्सवों और पर्यटन संबंधी समारोहों के आयोजन के लिए प्रदत वित्तीय सहायता का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

राज्य सरकार से प्राप्त अनुरोध के आधार पर प्रशाद योजना के अंतर्गत झारखंड राज्य में विकास हेतु देवघर तथा पारसनाथ को अभिज्ञात किया गया है। पर्यटन मंत्रालय ने उक्त योजना के तहत झारखंड में वर्ष 2018-19 में 'बैद्यनाथजी धाम, देवघर का विकास' परियोजना को स्वीकृति दी है। पारसनाथ के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रतीक्षित है।

*****

अनुबंध

'प्रसाद' योजना के अंतर्गत विकास हेतु चिह्नित किए गए स्थान के संबंध में दिनांक 02.08.2021 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. +2120 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

प्रशाद योजना **(करोड़ रुपए में)**

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	स्वीकृति का वर्ष	परियोजना का नाम	परियोजना लागत	निर्मुक्त राशि
1	झारखंड	2018-19	बैद्यनाथ जी धाम, देवघर का विकास	39.13	20.58

स्वदेश दर्शन योजना **(करोड रुपए में)**

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**परिपथ का नाम और वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**परियोजना लागत**	**निर्मुक्त राशि**
1	झारखंड	इको परिपथ (2018-19)	डालमा- चंदिल- गेतलसुद- बेतला- राष्ट्रीय अभ्यारण्य- मिरचैया- नेतरहाट का विकास	52.72	15.07

मेलों और महोत्सवों तथा पर्यटन संबंधी समारोहों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों/ संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता

(**लाख रुपए में)**

क्र. सं.	**राज्य का नाम**	**वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**
1	झारखंड	2017-18	इटखोरी महोत्सव के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता	25.00	25.00
		2019-20	भैरवनाथ महोत्सव और शरद महोत्सव, नेतरहाट के आयोजन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता	50.00	50.00

*****